


# सांध्य दैनिक 4PM



भारत में हम बस मौत, बीमारी, आतंकवाद और अपराध के बारे में पढ़ते हैं।
-डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम

मूल्य ₹ 3/-

जिद...सच की

www.4pm.co.in | www.facebook.com/4pmnewsnetwork | @Editor_Sanjay | YouTube @4pm NEWS NETWORK

● वर्ष: 10 ● अंक: 195 ● पृष्ठ: 8 ● लखनऊ, बुधवार, 21 अगस्त, 2024



यूपी में गरीबों को नहीं मिल... 7 | नेता जी के बोल, गरमा रहे चुनावी... 3 | दलित वोटों पर कांग्रेस की... 2


# बीजेपी ने फिल्म इंडस्ट्री का ध्रुवीकरण कर दिया : स्वरा

## 4 पीएम यूट्यूब चैनल के 60 लाख सब्सक्राइबर व म्यूजिक चैनल के लांचिंग पर संपादक संजय शर्मा से अभिनेत्री ने की बेबाक बातचीत

### » फिल्मों का इस्तेमाल नफरती विचारधारा को फैलाने में किया जा रहा

4पीएम न्यूज नेटवर्क

लखनऊ। अपने बेबाक राय से सबको लाजवाब करने वाली प्रतिभाशाली अभिनेत्री स्वरा भास्कर ने लखनऊ में 4 पीएम यूट्यूब चैनल के 60 लाख सब्सक्राइबर व म्यूजिक चैनल के लांचिंग पर अपनी बातें चैनल के संपादक संजय शर्मा से साझा की। उन्होंने अपनी बातचीत में फिल्म, राजनीति, व्यक्तिगत जीवन से लेकर महिलाओं के सरोकारों पर खुलकर बोला।

स्वरा भाष्कर ने अनारकली ऑफ आरा, 'रांझणा' और तनु वेड्स मनु जैसी फिल्मों से इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। स्वरा अपनी बात को खुलकर लोगों के सामने रखने के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि पिछले दस साल में देश में सांप्रदायिकता में इजाफा हुआ है। उन्होंने कहा कि दस पहले भी देश में हिंदू-मुस्लिम पर नफरती सोच वाले लोग थे पर वह इस तरह की बातें केवल अपने ड्राइंग रूम तक रखते थे पर 2014 के बाद उन्हें घरों के बाहर चिल्ला-चिल्ला कर बोलने के लिए भाजपा ने लोगों को भड़का दिया। उन्होंने आगे कहा कि बीजेपी ने जैसे समाज में ध्रुवीकरण फैलाया वैसे ही फिल्म इंडस्ट्री में फैलाया है, उसने लोगों की भावनाओं को भड़काने के लिए इस मंच का प्रयोग किया।



## लोगों को स्वरा भास्कर जैसी एक्ट्रेस चाहिए स्वरा नहीं...

स्वरा ने बताया था कि कैसे उनकी तथाकथित कंट्रोवर्सीज की वजह से इंडस्ट्री में उनकी एक इमेज बन गई है, जिसके चलते फिल्ममेकर्स उनके साथ काम करने से बचते हैं। वहीं उनके पति ने उन्हें चुप होकर सिर्फ एक्टिंग पर फोकस करने की सलाह देते हैं। स्वरा ने यहां तक कहा कि अब इंडस्ट्री में उन्हें अछूत की तरह ट्रीट किया जा रहा है। स्वरा ने कहा कि उनके कुछ जानने वाले कास्टिंग डायरेक्टर्स ने उन्हें बताया कि अक्सर उन्हें स्वरा भास्कर जैसी एक्ट्रेस के लिए ब्रीफ मिलती है। लेकिन यह पूछने पर की स्वरा को कास्ट क्यों नहीं कर रहे हैं। इस पर उनका कहना है कि वो किसी विवाद में नहीं पड़ना चाहते हैं। उन्हें स्वरा जैसी एक्टर चाहिए लेकिन स्वरा भास्कर नहीं चाहिए। इंडस्ट्री में बहुत सारे प्रोड्यूसर्स के लिए मैं अछूत हो गई हूं। स्वरा ने कहा- ये मेरे शब्द नहीं हैं, ये शब्द मेरे शुभचिंतकों के और डायरेक्टर्स, प्रोड्यूसर्स दोस्तों के हैं। जिन्होंने कॉल करके मुझे ये सब बताया है। लोगों ने मुझे बताया कि वो मुझे कास्ट करना चाहते हैं, मगर स्टूडियो में मेरा नाम सुनकर रिजेक्ट कर दिया जाता है।

## कर्मचारियों को क्रेडिट देना सराहनीय



4पीएम के 60 लाख सब्सक्राइबर होने पर संपादक संजय शर्मा को बधाई देते हुए स्वरा ने कहा कि उन्होंने सच को दिखाकर एक अच्छा काम किया है। साथ ही उन्होंने आगे कहा कि कोई भी संस्थान का मालिक काम का क्रेडिट खुद लेता है जबकि आपने अपने संस्थान में काम करने वालों को अपनी उपलब्धि का क्रेडिट उन्हें देकर एक अच्छा उदाहरण पेश किया है।



## इतिहास न जानने वाले बेवकूफ नहीं

कंगना राणावत के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि उनके बारे में तो वही जवाब दे सकती हैं। पर उन्होंने ये जरूर कहा कुछ लोग इतिहास के बारे में जानबूझ कर गलत बताते हैं वह बेवकूफ नहीं हैं। वो शायद ऐसा इसलिए करते हैं ताकि उन्हें सत्ता पक्ष से लाभ मिल जाए। क्योंकि उन्हें ऐसा लगता है कि अभी जो सरकार है वह गलत इतिहास जानने वाले लोगों को ही आगे बढ़ा रही है। फिल्म अभिनेत्री स्वरा ने कहा कि आज के दौर में सच्चाई न दिखाना ही आगे बढ़ने का माध्यम बन गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आने वाला समय फिर अच्छा आएगा।

## महिलाओं को वस्तु न समझा जाए

महिलाओं के प्रति समाज में हो रहे अत्याचार पर स्वरा ने बेबाकी से अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि महिलाएं बाहर वालों से ज्यादा अपने सबसे करीब के लोगों की वजह से सताई जा रही हैं। स्वरा ने कहा कि बाहर के दुश्मनों की तो पहचान होती है पर जो घर में वह पहचाना नही जाता है। अभिनेत्री ने कहा कि परिवारों से ही हमे सुधार लाना होगा लड़कियों को वस्तु समझ कर उसे पाबंदी में न डालें। उसे खुलकर अपना जीवन जीने दें तो कुछ हद तक दुराचार जैसे कृत्यों पर लगाम लग सकती है। उन्होंने कहा कुल मिलाकर दोहरी मानसिकता से बाहर निकलना होगा।

## फिल्मों में बिना मतलब के सेक्स सीन नहीं होने चाहिए



फिल्मों और वेबसीरीज में परोसी जा रही अश्लीलता या सेक्स सीन दिखाए जाने पर स्वरा ने कहा कि कहानी की मांग की वजह ये इस तरह के सीन देना कोई गलत नहीं मगर केवल सनसनी के लिए ऐसा दृश्य ठीक नही है। अपनी फिल्मों के बारे में उन्होंने कहा कि उनके फिल्मों या सीरीज में इस तरह के सीन होते हैं तो अपने परिवार वालों को इमेल के जरिये पहले ही बता देती हैं कि इस समय यह दृश्य आएगा आप लोग टीवी बंद कर दिजिएगा।

# दलित वोटों पर कांग्रेस की नजर

## » यूपी-2027 चुनावों की तैयारी में अभी से जुटी पार्टी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। कांग्रेस ने यूपी के 2027 में होने वाले विधान सभा चुनावों के लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी है। वह सामाजिक न्याय के एजेंडे के साथ ही जाति आधारित गोलबंदी बढ़ा रही है। दलितों में पासी समाज पर लगातार फोकस कर रही है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मंगलवार को रायबरेली यात्रा भी इसी रणनीति का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव के दौरान कांग्रेस ने सामाजिक न्याय और जाति जनगमना के मुद्दे को जोरशोर से उठाया। इसका फायदा भी मिला। इसी बीच दलितों को जोड़ने की रणनीति तैयार की गई। दलित संवाद और दलितों के साथ सहभोज के बाद कांग्रेस ने पासी समाज पर फोकस बढाया है। क्योंकि उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले समाजवादी पार्टी और भाजपा अपने- अपने तरीके से पासियों को लुभाने में लगी हैं। सपा ने राष्ट्रीय स्तर पर अयोध्या सांसद अवधेश प्रसाद को पासी समाज के चेहरे के रूप में प्रस्तुत किया है। अवधेश प्रसाद ने अपने शपथ ग्रहण में दो पासी प्रतीकों – उदा देवी और महाराजा बिजली पासी का उल्लेख किया। ऐसे में कांग्रेस ने भी पिछले दिनों संविधान सभा के सदस्य और पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के साथ 1952 और 1957 में सांसद रहे लखनऊ के मसुरियादीन पासी की पुण्य तिथि मनाई ।



लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी मंगलवार को अपने संसदीय क्षेत्र रायबरेली पहुंचे। यहां उन्होंने सलोन इलाके के नसीराबाद में मारे गए दलित युवक अर्जुन पासी के परिजनों से मुलाकात की।

### राजीव गांधी ने किया दलितों और मुसलमानों का सशक्तिकरण : शमीम खान

राजीव गांधी ने दलितों, पिछड़ो और मुसलमानों का सशक्तिकरण किया। दलित हिंसा विरोधी क़ानून बनाकर दलितों को सुरक्षा की गारंटी दी। यह कहना है अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय संयोजक शमीम खान का। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी के कार्यकाल तक दलितों और मुसलमानों की राजनीतिक एकता ने भाजपा और आरएसएस को सत्ता से दूर रखा था। अब फिर सभी को एकजुट होना होगा। अल्पसंख्यक कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष शाहनवाज़ आलम ने कहा कि भाजपा की साजिश से समाज की एकता कमज़ोर हुई। राहुल गांधी उसी सामाजिक एकता को मजबूत करने की लड़ाई लड़ रहे हैं। ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि राहुल गांधी के डर से केंद्र सरकार ने लेट्रल इंट्री का मामला वापस ले रही है।

# चुनावों में बेईमानी से हम लोग हारे कई सीटें

## » सपा प्रमुख बोले- अधिकारी गड़बड़ी न करते तो 50 से ज्यादा लोकसभा सीटें जीतते

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। सपा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में सत्ता के इशारे पर अधिकारियों ने बेईमानी नहीं की होती तो समाजवादी पार्टी और इंडिया गठबंधन 50 से ज्यादा सीटें जीतती। भाजपा सरकार ने किसानों, नौजवानों और व्यापारियों समेत सभी वर्गों को को धोखा दिया। भाजपा ने जनता से झूठे वादे किए। लोगों को बिजली नहीं मिल रही है। केवल बिजली का बिल आता है।



अखिलेश ने जारी बयान में कहा कि किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई । नौजवानों को नौकरी और रोजगार नहीं मिला। भर्ती परीक्षाओं के पेपर लीक होते रहे। भाजपा सरकार जानबूझकर पेपर लीक कराती रही, जिससे नौकरी और आरक्षण न देना पड़े। विसंगतिपूर्ण जीएसटी से व्यापार बर्बाद हो गया। महंगाई और बेरोजगारी चरम पर है। भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार ने सारे रिकार्ड तोड़ दिए हैं। हर विभाग में भ्रष्टाचार है। बजट की लूट मची है। प्रधानमंत्री ने जिस एक्सप्रेसवे का उद्घाटन किया था, वह अभी से रिपेयरिंग मांग रहा है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार ने लखनऊ में एक भी बड़ा काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में किसी को न्याय नहीं मिल सकता। हर वर्ग में निराशा है।

# दूसरे तरीकों से पीएम मोदी को खोनी पड़ेगी अपनी कुर्सी : सुब्रमण्यम

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने कहा है कि अगर अपने 75वें जन्मदिन के बाद मोदी रिटायर नहीं होते हैं तो उन्हें दूसरे तरीकों से पीएम की कुर्सी को खोना पड़ेगा।

बता दें कि सुब्रमण्यम स्वामी इसके पहले भी कई बार प्रधानमंत्री मोदी की आलोचना कर चुके हैं। बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, यदि मोदी आरएसएस प्रचारक के संस्कार के प्रति प्रतिबद्ध होकर 17 सितंबर को अपने 75वें जन्मदिन के बाद मार्गदर्शन मंडल में जाने के लिए रिटायरमेंट का ऐलान नहीं करते हैं तो वे अन्य तरीकों से अपनी पीएम कुर्सी खो देंगे। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनाने के बाद से ही बीजेपी में कई बड़े नेता 75 वर्ष की आयु पार करने के बाद सक्रिय राजनीति से संन्यास ले चुके हैं, इसी वजह से लाल कृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी जैसे दिग्गजों को मार्गदर्शक मंडल में बैठना पड़ा था।

# भाजपा को हर हाल में रोकने की तैयारी

## » नेकां-कांग्रेस के बीच होगा गठबंधन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

जम्मू। लोकसभा चुनाव की तर्ज पर केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में हो रहे पहले विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कांफ्रेंस और कांग्रेस के बीच गठबंधन की संभावनाएं तलाशने के लिए बैठकों का दौर शुरू हो गया है। दोनों दलों के पांच-पांच नेताओं की मौजूदगी में बातचीत शुरू हुई। सूत्रों ने बताया कि भाजपा को रोकने के लिए यह गठबंधन आकार लेगा। समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ बातचीत को आगे बढ़ाया गया है। सब कुछ ठीक रहा तो अगले चार-पांच दिनों में गठबंधन की घोषणा हो जाएगी।

सूत्रों ने बताया, दोनों पार्टियों के आलाकमान के निर्देश पर बातचीत का सिलसिला शुरू किया गया। इसके लिए कांग्रेस से प्रदेश अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा, कार्यकारी अध्यक्ष ताराचंद व रमण भल्ला तथा पूर्व अध्यक्ष जीए मीर व विकार रसूल वानी तथा नेकां से कश्मीर संभाग के अध्यक्ष नसीर असलम वानी, जम्मू संभाग के अध्यक्ष रतनलाल गुप्ता, सकीना इट्टू, खालिक सुहरावर्दी तथा अतिरिक्त महासचिव अजय सडोत्रा को नामित किया गया है।



### चुनाव प्रचार संयुक्त रूप से होगा

बातचीत में यह पक्ष भी सामने आया कि गठबंधन के तहत जिस पार्टी को सीटें आवंटित होंगी वह अपने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा करेगा। उस सीट पर गठबंधन सहयोगी पूरी मदद करेगा। चुनाव प्रचार संयुक्त रूप से किया जाएगा। पहले चरण की 24 सीटों के लिए सबसे पहले गठबंधन में साझा होने वाली सीटों की जानकारी को सार्वजनिक किया जाएगा।

## राहुल गांधी और खरगे का जम्मू-श्रीनगर दौरा रद्द

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष व वरिष्ठ नेता राहुल गांधी बुधवार से जम्मू कश्मीर के दो दिनी दौरे पर आने वाले थे। लेकिन अब उनका यह दौरा रद्द हो गया है। उन्हें बुधवार को जम्मू में पार्टी कार्यकर्ताओं से चुनावी तैयारियों पर चर्चा करनी थी। इसके बाद शाम को श्रीनगर में पहुंचकर पार्टी प्रतिनिधियों से बातचीत करनी थी। वहीं, राहुल का 22 अगस्त को श्रीनगर में पत्रकार वार्ता करना प्रस्तावित था। पार्टी शेड्यूल के मुताबिक खरगे और राहुल बुधवार की दोपहर करीब 1 बजे जम्मू पहुंचने वाले थे। वे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्यों, पीसीसी पदाधिकारियों, डीसीसी अध्यक्षों, पूर्व विधायकों, ब्लाक अध्यक्षों व अन्य वरिष्ठ नेताओं से मिलते। इसके बाद दोपहर बाद 3.30 बजे उनका सेलिब्रेशन हाल मार्बल मार्केट जम्मू में कार्यकर्ता सम्मेलन समारोह में शामिल होने का प्रोग्राम था।

## बीजेपी के खिलाफ किसी भी पार्टी का साथ देंगे : पीडीपी

पीडीपी प्रवक्ता मोहित भान ने कहा कि हमने सुना है कि राहुल गांधी कल दो दिवसीय दौरे पर श्रीनगर आ रहे हैं। लेकिन मुझे नहीं लगता कि वह गठबंधन के एजेंडे के साथ यहां आ रहे हैं। लेकिन हमारी पार्टी के नेता हमेशा यही कहते आए हैं हमारा एक धर्मनिरपेक्ष वैचारिक रुख है जो कांग्रेस से मेल खाता है जहां भी लोकतंत्र को बचाने के लिए धर्मनिरपेक्ष आवाजों को मजबूत करने, भाजपा विरोधी आवाजों को मजबूत करने की आवश्यकता होगी, हम हमेशा किसी भी पार्टी के लिए योगदान देने के लिए तैयार रहेंगे। लोगों ने अपना आक्रोश दिखाया। इन सभी वर्षों में लिए गए निर्णयों के खिलाफ संसद चुनावों में, ऐसे निर्णय जो एलजी प्रशासन के लोगों की इच्छाओं के अनुरूप नहीं थे, दिल्ली प्रशासन के साथ और वे चाहते हैं कि उनके प्रतिनिधि उनके लिए निर्णय लें।





# खास जातियों को प्राथमिकता देते हैं प्रधानमंत्री : तेजस्वी यादव

## » बोले- मोदी सरकार दलित, पिछड़े और आदिवासियों को सचिवालय नहीं शौचालय में बैठाती है

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और राज्य के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का प्रधानमंत्री व भाजपा पर हमला जारी है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार दलित, पिछड़े और आदिवासियों को सचिवालय नहीं, शौचालय में बैठाती है।

यूपीएससी लेटरल भर्ती के मुद्दे पर प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर हमला किया है। प्रधानमंत्री मोदी आरक्षण विरोधी है इसलिए इन उच्च पदों में आरक्षण को खत्म करने के लिए



इसे एकल पद दिखाया गया है जबकि कुल पद 45 है। अगर इसमें आरक्षण लागू होगा तो इनमें से 50 प्रतिशत पद दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को मिलते। बिना परीक्षा की ऐसी सीधी नियुक्ति में एससी,एसटी और ओबीसी का सीधा 100 प्रतिशत नुक़सान हो गया है। एनडीए समर्थित मोदी सरकार का यह फैसला गैरकानूनी है क्योंकि यह सरकार के खुद के डीओपीटी द्वारा 2022 में जारी सर्कुलर का उल्लंघन है क्योंकि इसके अनुसार कोई भी टेम्परेरी भर्ती भी अगर 45 दिन से ज्यादा है तो इसमे आरक्षण लागू करना अनिवार्य है। फिर इनमे से कई के पास निजी क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में कार्य करने का अच्छा अनुभव भी है फिर भी सरकार बाहर के निजी क्षेत्र के लोगों को क्यों बुलाना चाहती है? यह संदेहास्पद है।



# नेता जी के बोल, गरमा रहे चुनावी माहौल

## हरियाणा, जम्मू से लेकर झारखंड तक बयानों की बाढ़

- नीतीश सरकार व बीजेपी पर राजद नेता का जोरदार हमला
- भाजपा के देश में गृहयुद्ध की भविष्यवाणी पर कांग्रेस भड़की
- मप्र, बंगाल, यूपी में भी सियासी पारा चढ़ा

**डबल इंजन सरकार में अब डबल पावर का बम चल रहा : तेजस्वी**

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। आज कल बयानो के तीर खूब चल रहे हैं। अभी हाल में चुनाव आयोग ने दो राज्यों जम्मू-कश्मीर व हरियाणा के लिए चुनावों की तारीखें घोषित हो चुकी हैं। इस घोषणा के बाद भी नेताओं के जुबांन तेज हो गए हैं। विपक्षी नेता सता पक्ष पर हमलावर हैं। बिहार, यूपी, मप्र, हरियाणा, महाराष्ट्र, बगांल से लेकर झारखंड सियासी वार-पलटवार जारी है। राज्यों आग आने वाले चुनाव हैं वहां तो सियासी पार्टियों में उठापटक भी चालू हो गई।

आए दिन कोई न कोई नेता पार्टियां छोड़कर दूसरे दलों की चौखट पर दस्तक दे रहा है। चूकि क्रेंद से लेकर कई राज्यों में भाजपा की सरकारें है तो बीजेपी ज्यादातर विपक्ष के हिट लिस्ट में सबसे ऊपर है। वहीं कांग्रेस पर भी भाजपा समय-समय पर बोल दागती रहती हे। खैर चुनावों के परिणाम क्या होंगे ये तो आगे जनता तय करेगी पर सियासत जरूर अपनी-अपनी रणनीति तय कर चुकी है। बिहार में एक आवासीय होटल पर बमबाजी को लेकर नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने सोशल मीडिया पर सरकार पर हमला किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कहा कि बिहार में सत्ता संरक्षित अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि रंगदारी नहीं देने पर अब सीधा बमबारी करते है। ये डबल इंजन का डबल पॉवर है कि अब गोली नहीं बम चल रहे है। सरकार में अनियंत्रित अपराध पर बोलने को कोई तैयार नहीं हैं।

बीते 17 अगस्त की देर रात में दर्जनों बदमाशों ने हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के दिग्गी अंतर्गत महुआ मोड़ स्थित होटल पर बमबाजी किया था। बदमाशों ने होटल संचालक से पहले 25 लाख रुपये रंगदारी की मांग की थी। एक महीने के अंदर रंगदारी नहीं देने पर उसकी हत्या करने की भी धमकी दी गई थी। होटल मालिक का कहना है कि रात में कुछ अपराधी आये और खाने-पीने को लेकर होटल कर्मियों से कहा-सुनी हुई थी। इसके बाद 10 से 15 की संख्या में अपराधी दोबारा होटल पहुंचे और दो बम फेंक दिया। बम फटते ही होटल के बाहर धुआं-धुआं हो गया और सभी अपराधी घटनास्थल से फरार हो गए थे।



## जम्मू-कश्मीर में किंगमेकर साबित होंगी एससी-एसटी की आरक्षित 16 सीटें




नए जम्मू-कश्मीर में पहली निर्वाचित सरकार में अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए आरक्षित विधानसभा की 16 सीटें किंगमेकर की भूमिका में रहेंगी। इनमें अनुसूचित जाति की सात व अनुसूचित जनजाति की नौ सीटें हैं। पहली बार एसटी आरक्षण से इस वर्ग से जुड़े मतदाताओं में खासा उत्साह है। इन 16 सीटों पर जिन पार्टियों का भी कब्जा होगा वह निर्णायक होगा। हाल में संपन्न लोकसभा चुनाव के परिणामों पर नजर डालें तो भाजपा के खाते में छह, नेकां के खाते में सात, कांग्रेस के खाते में दो व अपनी पार्टी के पास एक विधानसभा हलका ऐसा था जहां पार्टियां बढ़त पर रहीं। आरक्षित 16 सीटों में 13 जम्मू संभाग में हैं, जबकि तीन कश्मीर में। कश्मीर में एसटी आरक्षित सीटें हैं। जबकि एससी के लिए आरक्षित सीटों में जम्मू में सबसे अधिक चार हैं। एससी के लिए आरक्षित सात में छह विधानसभा हलकों में भाजपा व एक पर कांग्रेस को बढ़त मिली थी। एसटी के लिए आरक्षित नौ में सात पर नेकां, एक पर कांग्रेस व एक पर लोकसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवारों को बढ़त हासिल हुई थी। जम्मू में अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित सुचेतगढ़ की सीट पर कांग्रेस को भाजपा उम्मीदवार से अधिक मत मिले थे। यह भाजपा के लिए खतरे की घंटी है क्योंकि 2014 के विधानसभा चुनाव में सामान्य सीट होने पर यहां से भाजपा प्रत्याशी को जीत मिली थी।

चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी को बड़ा झटका लगा है। पीडीपी के प्रमुख प्रवक्ता सोहेल बुखारी ने पार्टी को छोड़ दिया है। वहीं जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव को लेकर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) ने आठ विधानसभा क्षेत्रों के प्रभारियों की सूची जारी की। बिजबिहाड़ा विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रमुख महबूबा मुफ्ती की बेटी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इल्तिजा मुफ्ती विधानसभा चुनाव से अपने राजनीतिक करिअर की शुरुआत करेंगी।


## भाजपा अंग्रेजों की परिपाटी पर काम कर रही : कुणाल चौधरी



मध्यप्रदेश सरकार के नगरी प्रशान मंत्री का एक बयान को लेकर कांग्रेसी नेता हमलावर हो गए हैं। दरअसल मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में सामाजिक समरसता कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मैं कुछ दिन पहले एक मिलिट्री के रिटायर ऑफिसर के साथ बैठा था, उन्होंने कहा की 30 साल बाद देश के अंदर गृह युद्ध प्रारंभ हो जाएगा। पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा बीजेपी अंग्रेजों की परिपाटी पर काम कर रही है। भारत को खंड-खंड करना चाहती है। पूर्व विधायक ने कहा कि कुछ दिन पहले दिल्ली में 2047 तक विकसित भारत बनाने की बात सरकार कर रही थी, अब बीजेपी के सीनियर नेता मध्य प्रदेश सरकार में मंत्री गृह युद्ध होने की आशंका जाहिर कर रहे हैं यह इस बात को साफ कर रहा है की सब कुछ ठीक नहीं है। देश में आतंकवाद बढ़ रहा है जांच एजेंसियां क्या रही है। बीजेपी सत्ता नहीं संभाल सकती है तो सत्ता छोड़ दे, क्योंकि कांग्रेस पार्टी को देश के लिए जान देना और देश की सुरक्षा करना बहुत अच्छे से आता है हम देश पर आंच नहीं आने देंगे। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अमित चौरसिया ने भाजपा नेता के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा को दया का पात्र बताने वाले भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सुमित मिश्रा बताएं कि वह कैलाश विजयवर्गीय जी को कौन से मनोचिकित्सक को दिखाना पसंद करेंगे। जिन्हें केंद्र में मोदी सरकार वह प्रदेश में बीते 20 वर्षों से भाजपा की सरकार होने के बाद भी हिंदू खतरे में नजर आ रहे हैं। जो एक भविष्यवक्ता के रूप में यह भविष्यवाणी कर रहे हैं कि आने वाले 30 वर्षों में भारत गृह युद्ध और अराजकता के बीच होगा।

## भाजपा में शामिल होने को लेकर चंपई सोरेन से नहीं हुई बात : बाबूलाल मरांडी





झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन के भाजपा में शामिल होने की चर्चा के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने जवाब दिया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा में शामिल होने के संबंध में चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। चंपई मंझे हुए राजनेता हैं और वे अपना रास्ता खुद तय करेंगे। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चंपई सोरेन से अभी तक कोई बातचीत नहीं हुई है। वह एक अनुभवी राजनेता हैं और अलग झारखंड आंदोलन का हिस्सा रहे हैं। जिस तरह उन्हें सीएम पद से हटाया गया है। इससे वह आहत हैं और अपमानित महसूस कर रहे हैं। अगर चंपई सोरेन जैसे वरिष्ठ नेता पार्टी छोड़ेंगे तो इसका असर पार्टी पर पड़ेगा। भाजपा विधायकों की खरीद-फरोख्त करती है के सीएम हेमंत सोरेन के आरोप के जवाब में मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन कह रहे हैं कि उनके विधायक बिकाऊ हैं। अगर आप सभी विधायकों को वह बिकाऊ कहेंगे, तो कौन बेचेगा? मरांडी ने कहा कि मैं आपके साथ रहना चाहता हूं। अगर कोई विधायक अपना दुख व्यक्त करता है, तो आपको उसकी बात सुननी चाहिए। दरअसल झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन रविवार को दिल्ली पहुंचे थे। इसे लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं कि वे भाजपा में शामिल हो सकते हैं। वहीं एक सोशल मीडिया पोस्ट में चंपई सोरेन ने कहा था कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में कड़वे अपमान का अनुभव किया। ऐसे में उन्हें वैकल्पिक रास्ता तलाशने के लिए मजबूर होना पड़ा। केंद्रीय मंत्री व बिहार के दिग्गज नेता जीतन राम मांझी ने उनका स्वागत किया है। सोशल मीडिया पर उन्होंने लिखा कि चंपाई दा आप टाईगर थे, टाईगर हैं और टाईगर ही रहेंगें। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन परिवार में आपका स्वागत है। जोहार टाईगरज। मांझी के इस पोस्ट के जरिए उनका एनडीए परिवार में स्वागत तो किया है।

## हरियाणा में हुड्डा व सैनी में तू-तू मै-मै



हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी ने जन आशीर्वाद रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी सरकार किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए मिशन मोड पर फैसले ले रही है। समाज का हर वर्ग हरियाणा द्वारा लिए गए फैसलों का स्वागत कर रहा है। मैं जब भी राज्य के विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करता हूं तो पिछले 10 सालों में हमारी सरकार द्वारा राज्य में किए गए कामों को साझा करता हूं।पिछले 10 सालों से पहले कांग्रेस भी कुछ काम किया होगा या हुड्डा ने मटरगश्ती की है। मैंने हुड्डा साहब से 5 सवाल पूछे लेकिन उन्होंने कभी जवाब नहीं दिया। मैं आपको राहुल गांधी से पूछने और फिर मेरे सवालों का जवाब देने का समय देता हूं। ज्ञात हो कि कई मंचों पर भूपेन्द्र हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने कोई काम नही किया है। बल्कि भाजपा कांग्रेस के किए कामों को गिना रही है। वहीं ऐसी भी खबरें हैं कि भाजपा में एक-एक सीट के लिए औसतन पांच से सात नेताओं ने आवेदन किया है। इसी तरह कांग्रेस की एक-एक सीट के लिए औसतन 28 नेताओं ने आवेदन किया है। इन दोनों पार्टियों में टिकट को लेकर घमासान तय माना जा रहा है। इन पार्टियों से निकलने वाले नेता दूसरे विकल्प की तलाश करेंगे। हालांकि, ये भी देखना होगा कि जजपा कितने बागियों को साध पाती है, क्योंकि पिछली बार के मुकाबले इस बार माहौल बदला हुआ है।



# 4PM की बहादुर टीम को सम्मानित किया अखिलेश यादव ने





4PM को लोगों का प्यार निरंतर मिलता जा रहा है। जिसके चलते 4PM आए दिन नई-नई उपलब्धियां छू रहा है। इसी क्रम में 4PM के नाम एक और उपलब्धि दर्ज हो गई है। लोगों के प्यार की बदौलत 4PM का सफर अब 6 मिलियन सब्सक्राइबर तक पहुंच चुका है। इतने कम समय में इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल करना 4PM की पूरी टीम की मेहनत के बिना संभव नहीं था। ऐसे में इस उपलब्धि पर टीम की मेहनत को सराहना और टीम का जश्न मनाना तो बनता ही है। ये जश्न मना 18 अगस्त की शाम एक होटल में और इस जश्न में 4PM की टीम का हौसला अफजाई करने पहुंचे उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव। इतने बड़े मौके पर इतने बड़ी शख्सियसत के साथ होने से 4PM की पूरी टीम का जश्न डबल हो गया और उत्साहवर्धन मिला। वहीं इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के हाथों से पुरस्कार पाकर 4PM की पूरी टीम के चेहरे खिल उठे। साथ ही सपा प्रमुख के उत्साहवर्धन से पूरी टीम को आगे और भी मेहनत करने और 4PM के सफर को और भी आगे बढ़ाने का हौसला मिला। अखिलेश यादव ने इस दौरान 4PM परिवार के सभी साथियों को शुभकामनाएं देते हुए इसी तरह निर्भीकता से आगे बढ़ने को प्रेरित किया।












Sanjay Sharma

editor.sanjaysharma

@Editor_Sanjay

## जिद... सच की

# घरेलू बचत में कमी अर्थव्यवस्था के लिए अशुभ संकेत!

> घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है। इस घरेलू बचत को बैंक और गैर बैंक जमा, जीवन बीमा, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि, पेंशन निधि तथा अन्य वित्तीय योजनाओं में निवेश किया जाता है।

*देश में एक तरफ तो सरकार बैंकिंग में अच्छे कामों का महिमामंडन करती है। वहीं कुछ ऐसी खबरें आ रही हैं जो आम आदमी के लिए तो बुरी है ही सरकार के लिए भी परेशानी बढ़ाने वाली हैं। पहली खबर तो यह थी कि बैकों ने न्यूनतम वैलेंस के नाम पर दंड स्वरूप गरीब खाते धारकों से लगभग साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये वसूल लिए। दूसरी खबर ये है कि पिछले सात-आठ सालों में घरेलू बचत में भारत के लोगों की रूचि कम हुई है। इसी के मददे नजर वित्तमंत्री ने बैंको से अच्छी व लोक लुभावनी योजनाएं चालू करने की बात कही है। वाकई दोनो ही खबरें हैरान करने वाली हैं। इनपर सरकार को गंभीरता से विचार करना होगा। क्योंकि इस तरह की योजनाओं से ही देश का कैश अनुपात सही रहता है।*

*दरअसल, देश में घटती हुई घरेलू बचत के खतरे को भांपते हुए पिछले दिनों केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रिजर्व बैंक के निदेशक मंडल की बैठक में कहा कि बैंकों द्वारा ऐसी आकर्षक ब्याज योजनाएं लाई जानी चाहिए, जिससे उनमें जमा राशि में तेज इजाफा हो सके। चूंकि केंद्र सरकार अपने राजकोषीय घाटे को पाटने के लिए लघु बचत योजनाओं के तहत संग्रह राशि का भी उपयोग करती है, इसलिए घरेलू बचत में लगातार कमी आना चिंताजनक है। घरेलू बचत किसी व्यक्ति की आय की वह शेष राशि है, जो उपभोग आवश्यकताओं और विभिन्न वित्तीय देनदारियों के भुगतान के बाद बचती है। इस घरेलू बचत को बैंक और गैर बैंक जमा, जीवन बीमा, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र (एनएससी), लोक भविष्य निधि (पीपीएफ), किसान विकास पत्र, सुकन्या समृद्धि, पेंशन निधि तथा अन्य वित्तीय योजनाओं में निवेश किया जाता है। उम्मीद करें कि सभी बैंक जमा प्राप्त करने के नए उपाय खोजेंगे अपनी बचत योजनाओं को आकर्षक बनाएंगे और घरेलू बचत योजनाओं के लिए ब्याज दरों में उपयुक्त वृद्धि करेंगे। यदि हम देश में घरेलू बचत संबंधी आंकड़ों को देखें तो पाते हैं कि जो घरेलू बचत वित्त वर्ष 2006-07 में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी का 18 प्रतिशत थी, वह प्रतिवर्ष घटते हुए 2022-23 में जीडीपी के 5.2 प्रतिशत के स्तर पर आ गई। यह पिछले पांच दशक में सबसे कम स्तर पर है। घरेलू बचत में कमी आने का प्रमाण गत दिनों पेश आम बजट भी दे रहा है। देश में लोग कमाई का एक हिस्सा भविष्य के लिए घरेलू बचत के रूप में बचाकर रखते रहे हैं, लेकिन अब इस बचत की प्रवृत्ति में बड़ा बदलाव दिखाई दे रहा है। लोग आवास, वाहन, शिक्षा तथा अच्छे जीवन के लिए विभिन्न प्रकार के कर्ज लगातार ले रहे हैं। जहां परिवारों की वित्तीय देनदारियां बढ़ने से घरेलू बचत सीधे तौर पर कम हुई है, वहीं आय के एक हिस्से का इस्तेमाल विभिन्न प्रकार के ऋणों के ब्याज के भुगतान के लिए भी किए जाने से घरेलू बचत कम हुई है। अब इसे बढ़ाना जरूरी है।*

(इस लेख पर आप अपनी राय 9559286005 पर एसएमएस या info@4pm.co.in पर ई-मेल भी कर सकते हैं)

# 'लापता लेडीज' और अवसरवादी राजनीति

ज्योति मल्होत्रा

तृणमूल कांग्रेस की 'लापता लेडीज' – इस नाम से आई हिंदी फिल्म का व्यंग्यात्मक संदर्भ- आखिरकार तब जाकर प्रकट हुईं, जब शुक्रवार को अपनी नेता और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में कोलकाता में निकले मार्च में भाग लिया। इसका आयोजन शहर के एक सरकारी अस्पताल में कार्यरत और कोई एक सप्ताह पहले बलात्कार एवं हत्या की शिकार बनी महिला डॉक्टर के 'समर्थन' में किया गया था। महुआ मोइत्रा, सायोनी घोष, डोला सेन, शताब्दी रॉय, शर्मिला सरकार, काकोली घोष दस्तीदार, जून मालिहा – सभी महिला सांसद – और मंत्री शशि पांजा उस हुजूम में शामिल थे, जो कोलकाता के मौलाली से डोरीना क्रॉसिंग तक ममता के साथ पैदल चला। यह काम ममता बनर्जी की साख पुनः स्थापित करने का भरसक प्रयास था, जो भारत की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से पिछले एक हफ्ते में गंवा दी लगती है।

लगता है सालों में पहली बार,दीदी बैकफुट पर हैं। उन्हें मालूम है, उनसे गलती हो गई है। पूर्व पत्रकार सागरिका घोष को छोड़कर, उनकी 11 महिला लोकसभा सांसद, जिनमें से कई सोशल मीडिया की 'स्टार' हैं, उन्हें भली भांति पता था कि जघन्य कांड की खबर आने के बाद,पीड़िता के समर्थन में बयान देने के लिहाज से आरंभिक कुछ घंटों और दिनों का क्या महत्व है, लेकिन उन्होंने फिर भी चुप्पी साधे रखी – तृणमूल ने सूचना-शून्यता बनने दी, अब विपक्षी भाजपा सही में इसका लाभ उठा रही है। संसद और कोलकाता में भाजपा के लिए सिरदर्द बनी रहने वाली इन मुखर महिलाओं को पता है कि जब उन्होंने अपने बेहतर निर्णय के विरुद्ध जाकर, चुप्पी धारण किए रखी – शायद, कोलकाता पुलिस द्वारा अपनी जांच करने का इंतजार कर रही हों या हो सकता है पहले अपनी प्रिय नेता, दीदी, द्वारा इस संबंध में दिए जाने वाले बयान की प्रतीक्षा में थीं- तो उन्होंने बहुत लंबा इंतजार किया। राजनेता महिलाओं और पुरुषों में अपने प्रति जिस भरोसे की भावना को लगातार बनाए रखने के प्रयास में रहते हैं, कम से कम, फिलहाल, वह घटा दिखाई दे रहा है।


क्योंकि कोई एक दशक से अधिक समय में पहली बार संदेह का बीज समाता नज़र आ रहा है। अब तक जो कुछ हम जान पाए हैं, वह यह कि युवती के साथ बलात्कार और हत्या 9 अगस्त की सुबह 3 से 5 बजे के बीच हुई, जब अस्पताल में लगातार 36 घंटे काम करने के बाद उसने सेमिनार रूम में कुछ देर आराम करने का फैसला किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में दरिंदगी का डरावना विवरण है- उसका गला घोंटकर मारा गया (गला घुटने से थायरॉयड उपास्थि टूटी पाई गई), उसके प्राइवेट पार्ट्स पर गहरे घाव थे, जो स्पष्ट रूप से 'विकृत कामुकता' और 'मातृत्व संबंधी अंगों को यातना' दर्शाता है। उसकी आंखों और मुंह से भी खून बह रहा था। सोशल मीडिया पर दिखी तस्वीरों में, उसकी टांगें परस्पर अजीब एंगल पर दिखाई दे रही थीं – कुछ का कहना है कि यह तभी संभव है जब पेल्विक गर्डल (कूल्हा) टूट जाए। हालांकि, हैरानी की बात कि ममता के भतीजे अभिषेक बनर्जी समेत, तृणमूल के युवा सितारों से सज्जित इस समूह ने अगले छह दिनों तक खुद को अन्य नाना प्रकार के मामलों में व्यस्त रखा, जिसमें पेरिस में विनेश फोगाट को मिला झटका भी शामिल था। बताया जाता है कि दीदी ने कोलकाता में हत्याकांड पर बांग्ला में कुछ बोला था – कुछ-कुछ जंगल में नाचे मोर की तरह, जिसे शायद ही किसी ने देखा हो, तब फिर यह किस काम का। आगे, घटनाएं अपने आप जन्म लेने लगीं। मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल ने इस्तीफा दे दिया लेकिन चंद घंटों में उन्हें एक और बढ़िया पद दे दिया गया। तरह-तरह की अफवाहें भी चलीं, मसलन, पुलिस इसे 'आत्महत्या' ठहरा रही है (हालांकि उसने ऐसा किया नहीं) या माता-पिता को बताए बिना




प्रशासन ने शव को अग्नि दी (जबकि दाह-संस्कार परिवार ने ही किया), इससे सूचना-शून्यता और गहराई। इन सभी महिला सांसदों के एक्स हैंडल, जिस पर अकसर ये कुछ गलत होने पर काफी मुखरता से बयानबाज़ी करती रहती हैं,अजीब ढंग से शांत रहे।

यहां तक कि 14-15 अगस्त की रात में, जब कोलकाता की आधी से ज़्यादा आबादी 'रात्रि में महिलाओं की सुरक्षा के सवाल' पर सड़कों पर उतरी और हज़ारों नर-नारी न्याय, जीने का अधिकार और सुरक्षा की मांग कर रहे थे, तब भी तृणमूल के लोग गायब थे। उनका गुस्सा, जुनून और जोश, जो अक्सर लोकसभा में हलचल मचा देता है, या तो चुक गया या फिर कहीं और बेकार गया। टीवी चैनलों ने पीड़िता को नाम दिया, 'अभया' यानि निडर,यह उस लड़की को दिए नाम -निर्भया- की याद दिलाता है, जिसका 12 साल पहले दिल्ली में क्रूरतापूर्वक बलात्कार किया गया था। सबको याद होगा कि 2012 की सर्दियों में क्या हो गुजरा था।

# कौशल विकास से ही कृत्रिम मेधा का नया क्षितिज



सुरेश सेठ

**जहां कृत्रिम मेधा और डिजिटल दुनिया में प्रशिक्षित कारीगरों की आवश्यकता है, वहां उनकी भारी कमी है। इसके साथ ही हाल के दिनों में देश के विभिन्न भागों में अचानक प्राकृतिक आपदाओं का दौर शुरू हो गया है। हाल ही में, अचानक से लगातार बारिश आई, जो लोगों के लिए तबाही का सबब बनी। तीन या चार घंटे की बारिश के बाद महानगरों से लेकर उभरते हुए शहरों, जिन्हें स्मार्ट शहर कहा जाता है, तक तीन-चार फीट पानी जमा हो गया। सड़कें जलमग्न हो गईं। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण अनेक राष्ट्रीय सड़क मार्ग और सैकड़ों सड़कें बंद हो गईं। जो स्थिति पहले केरल के वायनाड में देखी जा रही थी, वह अचानक उत्तर भारत में भी दिखने लगी।**

भारत के आकाश में भी शक्ति के नए क्षितिज उभर रहे हैं। ये क्षितिज कृत्रिम मेधा के हैं। ये क्षितिज सेमीकंडक्टर युग के हैं, इंटरनेट की ताकत के और प्रौद्योगिकी विकास के हैं। कृत्रिम मेधा, रोबोट युग, और डिजिटल होती दुनिया ने भारत में एक नया धरातल पैदा किया है। यह सुखद ही है कि वर्तमान समय में, भारत की प्रगति और विकास की सभी संभावनाओं को निजी क्षेत्र की द्रुत गति से जोड़ दिया गया है। निजी क्षेत्र ने लागत घटाने और लाभ बढ़ाने के लिए कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल शुरू कर दिया है, और रोबोट्स को इंसानों की जगह तैनात कर रहा है। ये सब नये युग की इन इंटरनेट शक्तियों द्वारा हासिल करने का प्रयास है। जहां तक डिजिटल दुनिया से पैदा होने वाली नौकरियों का संबंध है, उनकी कमी भारत में नहीं है।

समस्या यह है कि युवा शक्ति इस काम के लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित नहीं है, जिसके कारण योग्यता वाले कम मिल रहे हैं। यदि हमें अपने श्रमबल को प्रशिक्षण से निपुण बनाना है तो अपनी शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों में बदलाव लाना चाहिए। शिक्षकों को भी इन नई संभावनाओं के क्षितिज से परिचित कराना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसीलिए, देश में नौजवानों की बेरोजगारी की वही पुरानी समस्या बनी हुई है। पारंपरिक बीए, एमए की डिग्रियां लेकर वे दफ्तर या सेवा क्षेत्र के काउंटर पर काम की तलाश कर रहे हैं। दूसरी ओर, जहां कृत्रिम मेधा और डिजिटल दुनिया में प्रशिक्षित कारीगरों की आवश्यकता है, वहां उनकी भारी कमी है। इसके साथ ही हाल के दिनों में देश के विभिन्न भागों में अचानक प्राकृतिक आपदाओं का दौर शुरू हो गया है। हाल ही में, अचानक से लगातार बारिश आई, जो लोगों के लिए तबाही का सबब बनी। तीन या चार घंटे की बारिश के बाद महानगरों से लेकर उभरते हुए शहरों, जिन्हें स्मार्ट शहर कहा जाता है, तक तीन-चार फीट पानी जमा हो गया।

सड़कें जलमग्न हो गईं। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश के कारण अनेक राष्ट्रीय सड़क मार्ग और सैकड़ों सड़कें बंद हो गईं। जो स्थिति पहले केरल के वायनाड में देखी जा रही थी, वह अचानक उत्तर भारत में भी दिखने लगी। इन परिस्थितियों में, आसमान से आई मुसीबतों का सामना करने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान कृत्रिम मेधा की सहायता की उम्मीद कर रहा है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने फैसला किया है कि आपदा जोखिम आकलन के लिए कृत्रिम मेधा का उपयोग करेंगे, जिससे आने वाली विपत्तियों को टालने या उनका सामना करने के लिए चाक-चौबंद रहा जा सके।

असाधारण मौसम के कारण खेतों में फसलें खराब हो रही हैं, और बुवाई की समय-सारिणी गड़बड़ा जाती है। जब फसलें खेतों में पकने को तैयार हो जाती हैं, तो अचानक बारिश उनकी गुणवत्ता को प्रभावित करती है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान ने कहा है कि सबसे पहले कृत्रिम मेधा का इस्तेमाल भविष्य के आकलन और जोखिम का अनुमान लगाने में किया जाना चाहिए, ताकि इन क्षेत्रों में समस्याओं का सामना प्रभावी ढंग से किया जा सके। निस्संदेह, राष्ट्रीय आपदा एक निरंतर चुनौती है, लेंकिन उच्च तकनीक से जनधन की हानि को टाला जा सकता है। हाल ही में, हमने राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया, जिसमें इस बात पर विचार-विमर्श हुआ कि आपदा प्रबंधन में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का कैसे उपयोग किया जा सकता है।

इस परिदृश्य में, हम इसरो के योगदान की भी उम्मीद कर रहे हैं। प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं से निपटने के लिए साइबर क्राइम की सुरक्षा से लेकर अग्निशमन सेवा, नागरिक सुरक्षा, और आम जीवन की चौकसी के लिए भी इसका उपयोग किया जा सकता है। लेकिन यह तभी संभव है जब इन तकनीकी नवाचारों को एक नया क्षितिज देने के लिए निजी और सरकारी क्षेत्र दोनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो। ऐसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए, सरकारी और निजी क्षेत्र के सहयोग और सामंजस्य पर भरोसा करना होगा। इसके लिए एक नई रूपरेखा की आवश्यकता होगी। निश्चय ही, इस रूपरेखा का आधारभूत लेखाजोखा विश्वविद्यालयों से प्राप्त होगा, लेकिन अनुसंधान के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान को भी नया रूप देना पड़ेगा। इसरो को भी केवल अंतरिक्ष के क्षेत्र में नहीं, बल्कि धरती पर अचानक आई आपदाओं से प्रभावित आम लोगों के कष्टों का अंदाजा लगाकर उनके लिए नए समाधान की रचना करनी होगी। आपदा के बाद गहन मूल्यांकन की आदत को छोड़ना होगा। यदि हम अनुसंधान की बात करते हैं, तो यह मूल्यांकन सटीक और स्पष्ट भविष्यवाणियों के रूप में पहले से उपलब्ध होना चाहिए, ताकि तबाही के मंजर उत्पन्न होने से पहले सुरक्षा कवच सुनिश्चित किया जा सके।

# यूपी में गरीबों को नहीं मिल रहा न्याय : राहुल

## कांग्रेस नेताओं ने किया भव्य स्वागत

» बोले- हत्यारों तक पर नहीं हो रही कार्रवाई

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को पिछ्वरिया गांव में अनुसूचित जाति के युवक अर्जुन पासी की हत्या से पीड़ित उसके परिजनों से मिले और उन्हें मदद का भरोसा दिलाया। राहुल गांधी ने कहा कि यहां पर जो सभी लोग हैं वो न्याय मांग रहे हैं क्योंकि एक दलित युवा को जान से मारा गया है। पूरे परिवार को धमकाया गया है, एक व्यक्ति को मारा गया है लेकिन यहां कोई कार्रवाई नहीं हो रही है... यहां के एसपी मास्टरमाइंड पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं, छोटे-छोटे लोगों को पकड़ रहे हैं।

मैं चाहता हूं कि उत्तर प्रदेश में हर वर्ग का आदर हो और न्याय सबको मिले... जब तक इस परिवार को न्याय नहीं मिलेगा तब तक हम पीछे नहीं हटने वाले हैं। दरअसल, पिछ्वरिया गांव निवासी अर्जुन पासी की बीते दिनों हत्या कर दी गई थी। इसी मामले में वह उनके परिवार से मिलने पहुंचे हैं। इस दौरान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय, बाराबंकी सांसद तनुज पुनिया, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रमोद तिवारी, मोना तिवारी, अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे। वहीं कांग्रेस नेताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। उसके बाद वह अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा सहित अन्य नेताओं के साथ रायबरेली के नसीराबाद थाना क्षेत्र के पिछ्वरिया गांव के लिए रवाना हो गए।



### सड़क मार्ग से रवाना हुए सांसद

मौसम की खराबी के कारण मंगलवार दोपहर बाद नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का विमान अमेठी के फुरसतंगज स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी से उड़ान नहीं भर पाया जिसके चलते उन्हें सड़क मार्ग से गतंव्य के लिए रवाना होना पड़ा। उनका विमान अमेठी के फुरसतगंज स्थित इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी में दोपहर 11:55 बजे उतरा था। इसके बाद राहुल गांधी पार्टी के कई अन्य नेताओं के साथ पिछ्वरिया गांव सड़क मार्ग से गए थे। वहां पीड़ित परिजनों के मुलाकात के बाद वह वापस गाड़ियों के काफिले के साथ फुरसतगंज इंडिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान आकादमी पहुंचे। इस बीच बारिश हो गई। सूत्रों का कहना है कि बारिश व मौसम की खराबी के कारण विमान को उड़ान भरने में अड़चने थीं जिसकी वजह से उड़ान कैंसिल कर दी गई। उड़ान कैंसिल होने से उन्हें अपने गंतव्य के लिए सड़क मार्ग से जाना पड़ा।

# विपक्षी एकता के आगे मोदी सरकार की एक न चली

» लेटरल एंट्री की भर्ती का विज्ञापन किया रद

» विपक्ष के मजबूत होने के कारण पीछे हटी सरकार: मल्लिकार्जुन खरगे

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। विपक्ष के भारी दबाव के आगे झुकते हुए केंद्र की एनडीए सरकार ने लेटरल एंट्री के जरिए भर्ती करने के विज्ञापन को रद कर दिया है। मोदी सरकार के इस फैसले को विपक्ष ने अपनी जीत बताया है। इंडिया गठबंधन के सभी सदस्यों इसे विपक्ष के मजबूत होने का लाभ बताया। कांग्रेस ने कहा कि इसी तरह गेर एकजुट रहेंगे तो सत्ता में बैठे लोग मनमानी कर पाएंगे।

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केंद्र सरकार को मजबूत विपक्ष के विरोध के कारण 'लेटरल एंट्री' के जरिये की जाने वाली भर्ती को रद्द करनी पड़ी। खरगे ने दावा किया कि अगर नरेन्द्र मोदी सरकार के पास बहुमत होता तो वह आरक्षण लागू किए बिना सरकारी पदों पर आरएसएस के लोगों को भर देती। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, हाल में उन्होंने लेटरल एंट्री से भर्ती की शुरुआत की। उन्होंने संयुक्त सचिव की नियुक्ति करने की कोशिश की, लेकिन मैंने सुना है कि लेटरल एंट्री भर्ती प्रक्रिया वापस ले ली गई है। ऐसा इसलिए क्योंकि विपक्ष मजबूत है।



### पीडीए की एकता से साजिश विफल : अखिलेश

अखिलेश यादव ने कहा कि यूपीएससी में लेटरल एंट्री के पिछले दरवाजे से आरक्षण को नकारते हुए नियुक्तियों की साजिश आखिरकार पीडीए की एकता के आगे विफल हो गई है। सरकार को अब अपना ये फैसला भी वापस लेना पड़ा है। भाजपा के षड्यंत्र अब कामयाब नहीं हो पा रहे हैं, ये पीडीए में आए जागरण और चेतना की बहुत बड़ी जीत है। पीडीए इन परिस्थितियों में समाजवादी पार्टी 'लेटरल भर्ती' के खिलाफ 2 अक्टूबर से शुरू होने वाले आंदोलन के आह्वान को स्थगित करती है। साथ ही ये संकल्प लेती है कि भविष्य में भी ऐसी किसी चाल को कामयाब नहीं होने देगी व पुरजोर तरीके से इसका निर्णायक विरोध करेगी।

### आरक्षण विरोधी प्रक्रिया पर हर स्तर पर रोक लगे : मायावती

मायावती ने यूपीएससी में लेटरल इंट्री पर जारी किए गए विज्ञापन को निरस्त किए जाने पर बयान दिया है। उन्होंने कहा कि आरक्षण विरोधी प्रक्रिया पर हर स्तर पर रोक लगाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार में संयुक्त सचिव व निदेशक आदि के उच्च पदों पर आरक्षण सहित सामान्य प्रक्रिया से प्रमोशन व बहाली के बजाय भारी वेतन पर बाहर के 47 लोगों की लेटरल नियुक्ति बसपा के तीव्र विरोध के बाद रद्द की गई है लेकिन ऐसी सभी आरक्षण विरोधी प्रक्रियाओं को हर स्तर पर रोक लगाने की जरूरत है।

# कोलकाता केस पर राजनीति कर रही भाजपा : कमलनाथ

» मप्र के पूर्व सीएम बोले- गलत तरीके से मुद्दा उठा रही बीजेपी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

भोपाल। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता कमलनाथ ने कहा कि कोलकाता के एक अस्पताल में प्रशिक्षु महिला चिकित्सक के साथ कथित बलात्कार और फिर उसकी हत्या के मामले में भाजपा राजनीति कर रही है और जिस तरह से यह मुद्दा उठा रही है वह गलत है। घटना के बाद पूरे देश में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हो रहे हैं।

भाजपा ने इस घटना के सिलसिले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इस्तीफा मांगा है। इस मांग के बारे में पूछे जाने पर कमलनाथ ने कहा, यह राजनीति है। यह स्पष्ट है कि बलात्कार हुआ है। सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। मध्य प्रदेश में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (आरएसएस) के शीर्ष व्यक्तियों से संबंधित चीजों को पाठ्यक्रम में शामिल किए जाने की खबरों के बारे में पूछे जाने पर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इतिहास को बदलना संभव नहीं है। वक्फ संशोधन विधेयक से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में कमलनाथ ने कहा कि संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) इस पर चर्चा करेगी।



# 130 सीट आईं तो मैं जन सुराज की हार मानूंगा : प्रशांत किशोर

» आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पीके ने अपने लिए की बड़ी भविष्यवाणी

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

पटना। जन सुराज के सूत्रधार और चुनावी रणनीतिकार कहे जाने वाले प्रशांत किशोर ने पहली बार अपने लिए एक बड़ी भविष्यवाणी कर दी है। 2025 के विधानसभा चुनाव में वह जोरशोर से उतरने वाले हैं लेकिन उन्होंने कहा है कि अगर 130 या 140 सीट जन सुराज को आती है तो वह इसे अपनी हार मानेंगे।

प्रशांत किशोर ने कहा, मैं बता रहा हूं कि अगर 130-140 सीट आई तो मैं उसको अपनी बहुत बड़ी हार मानूंगा। मैं अपने जीवन की बहुत बड़ी हार मानूंगा कि तीन साल, मेरे जीवन का सब कुछ, मेरा अनुभव, मेरा प्रयास, संसाधन, मेरा सब कुछ, मेरा जीवन मैंने दांव पर लगाया है उसके बाद अगर 130 सीट आए तो मैं उसको व्यक्तिगत हार मानूंगा। जन सुराज की हार मानूंगा। अर्श पर या फर्श पर.. बीच में नहीं। बता दें कि प्रशांत किशोर बीते करीब दो साल से पदयात्रा कर रहे हैं। जन सुराज पार्टी का दो अक्टूबर को गठन होगा और बिहार की 243 सीटों पर यह पार्टी लड़ेगी। पीके लगातार दावा कर रहे हैं कि बिहार में लोग बदलाव चाहते हैं और उनके पास विकल्प नहीं है. ऐसे में बदलाव के लिए वह आगे आ रहे हैं।



### बिहार को लालू-नीतीश से अधिक बीजेपी-कांग्रेस ने बर्बाद किया

प्रशांत किशोर ने कहा कि लालू और नीतीश कुमार दोनों ने बिहार को नुकसान पहुंचाया है। इन दोनों से ज्यादा बीजेपी और कांग्रेस ने बर्बाद किया है। क्योंकि लोगों को ये पता नहीं है कि लालू यादव अपने दम पर बिहार में एक ही बार जीते। नीतीश कुमार आज तक अपने दम पर बिहार में नहीं जीते। इन दोनों को जनता पर थोपे रखने की जिम्मेदारी कांग्रेस की है। कांग्रेस ने चंद सांसदों के लालच में बिहार को लालू को हाथ में बेचा। आज बीजेपी भी वही कर रही है। बिहार की जनता को नीतीश के हवाले कर दिया है।


# संजय पर 28 अगस्त को होगी अगली सुनवाई

» पूर्व सपा विधायक की मौका अर्जी भी हुई खारिज

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

सुल्तानपुर। बिजली कटौती व पानी की समस्या को लेकर सड़क जामकर प्रदर्शन करने के मामले में अपील खारिज होने के बाद समर्पण करने के लिए दी गई आप सांसद संजय सिंह व सपा के पूर्व विधायक अनूप संडा की मौका अर्जी मंगलवार को कोर्ट ने खारिज कर दी। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट के मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने अगली सुनवाई के लिए 28 अगस्त की तिथि नियत की है।

19 जून 2001 को शहर में हो रही बिजली कटौती व पानी की समस्या को लेकर शहर के गभड़िया ओबरब्रिज के पास सड़क जामकर प्रदर्शन करने के आरोप में संजय सिंह और अनूप संडा समेत कई लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। 11 जनवरी 2023 को एमपी-एमएलए की विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट ने संजय सिंह, अनूप संडा, शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता संतोष चौधरी, पूर्व सभासद कमल श्रीवास्तव, पूर्व नामित सभासद विजय सेक्रेटरी व आरोपी सुभाष चौधरी को तीन माह की कैद व डेढ़-डेढ़ हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई थी। छह अगस्त को एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट की एडीजे एकता वर्मा ने संजय व अनूप समेत पांच दोषियों को नौ अगस्त को मजिस्ट्रेट कोर्ट में समर्पण करने का आदेश दिया था। हाजिर न होने पर कोर्ट ने सांसद व पूर्व विधायक समेत पांच के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया था।



### केजरीवाल की हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ी

राउज एवेन्यू कोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े सीबीआई द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 27 अगस्त तक बढ़ा दी है। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष केजरीवाल को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये पेश किया गया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को अंतरिम जमानत देने से बुधवार को इनकार कर दिया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और जस्टिस उज्जल भूइयां की पीठ ने सीबीआई की ओर से केजरीवाल की गिरफ्तारी को बरकरार रखने के दिल्ली हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ उनकी याचिका पर जांच एजेंसी को नोटिस जारी किया। पीठ ने केजरीवाल की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से कहा कि हम कोई अंतरिम जमानत नहीं दे रहे हैं। हम नोटिस जारी करेंगे।

### सिद्धारमैया को हाईकोर्ट से राहत

कथित मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण, भूमि घोटाला मामले में कांग्रेस नेता के खिलाफ मुकदमा चलाने की राज्यपाल थावर चंद गहलोत की मंजूरी के बाद कर्नाटक उच्च न्यायालय ने ट्रायल कोर्ट को मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के खिलाफ तत्काल कोई कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया था। अंतरिम राहत 29 अगस्त तक प्रभावी रहेगी, जब कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई करेगा।



# आरक्षण पर कोर्ट के फैसले के खिलाफ पूरे देश में प्रदर्शन

## सपा-बसपा समेत कई दलों ने भारत बंद का किया समर्थन

## पटना में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज भारत बंद से जयपुर में पसरा सन्नाटा यूपी में बंद कराई गईं दुकानें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली। आरक्षण पर कोर्ट के हालिया फैसले के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन जारी है। इसका उद्देश्य सुप्रीम कोर्ट के फैसले को चुनौती देना और उसे पलटने की वकालत करना है। दलित और आदिवासी संगठनों ने हाशिए पर पड़े समुदायों के लिए मजबूत प्रतिनिधित्व और सुरक्षा की मांग को लेकर बुधवार (21 अगस्त) को भारत बंद का आह्वान किया है। इस बंद का असर पूरे देश में दिखाई दे रहा है।

राजस्थान, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, मध्य प्रदेश, झारखंड, छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में बंद का असर सबसे ज्यादा दिखा इसलिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। राजस्थान के पांच जिलों में स्कूलों में छुट्टी का ऐलान किया गया है। राजस्थान में बंद का प्रभाव सबसे ज्यादा देखने को मिल सकता है। उधर सभी सियासी दलों ने समर्थन किया। मायावती, अखिलेश, जयंत व चिराग ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी है।




फोटो: सुमित कुमार

राजधानी लखनऊ में बहुजन समाज के लोगों ने अम्बेडकर प्रतिमा के समक्ष प्रदर्शन किया जबकि सपा ने महानगर अध्यक्ष फाखिर सिद्दीकी के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन किया।

### अधिकारों के साथ होगा खिलवाड़ तो जनता सड़कों पर उतरेगी : अखिलेश



समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने भारत बंद का समर्थन किया है। उन्होंने कहा, आरक्षण की रक्षा के लिए जन-आंदोलन एक सकारात्मक प्रयास है। ये शोषित-वंचित के बीच चेतना का नया संचार करेगा और आरक्षण से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ के खिलाफ जन शक्ति का एक कवच साबित होगा. शांतिपूर्ण आंदोलन लोकतांत्रिक अधिकार होता है। अखिलेश ने कहा, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी ने पहले ही आगाह किया था कि संविधान तभी कारगर साबित होगा जब उसको लागू करने वालों की मंशा सही होगी।

### आरक्षण घोटाले को लेकर लखनऊ में विरोध

उत्तर प्रदेश में 69 हजार शिक्षक भर्ती मामले में अभ्यार्थियों का विरोध जारी है। मंगलवार रात लखनऊ में शिक्षक भर्ती के अभ्यार्थी डटे रहे हैं। उन्होंने मांग की है कि जब तक उनकी नियुक्ति नहीं हो जाती है, तब तक वे डटे रहेंगे, उनका कहना है कि आरक्षण में घोटाला किया गया था।

### बीजेपी-आरएसएस पर बरसे कांग्रेस विधायक नितिन राउत

भारत बंद को लेकर महाराष्ट्र कांग्रेस विधायक और कांग्रेस के एससी विभाग के पूर्व अध्यक्ष नितिन राउत ने कहा, जब देश में संविधान में बदलाव की भाषा बोली जा रही हो, जब केंद्र सरकार, बीजेपी और आरएसएस ने एससी-एसटी समुदाय के लिए फूट डालो और राज करो की भूमिका निभाई हो. यह आरएसएस का छिपा हुआ एजेंडा था और यह सरकार उस एजेंडे को सामने लाने का प्रयास कर रही है, इसलिए ये भारत बंद बुलाया गया है।

### आरक्षण वंचितों का संवैधानिक हक : मायावती



बसपा प्रमुख मायावती ने कहा, इसको लेकर इन वर्गों के लोगों द्वारा आज 'भारत बंद' के तहत सरकार को ज्ञापन देकर संविधान संशोधन के जरिए आरक्षण में हुए बदलाव को खत्म करने आदि की मांग की है। बंद को बिना किसी हिंसा के अनुशासित व शान्तिपूर्ण तरीके से किए जाने की अपील भी की गई है। एससी-एसटी के साथ ही ओबीसी समाज को भी आरक्षण का मिला संवैधानिक हक इन वर्गों के सच्चे मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के अनवरत संघर्ष का परिणाम है, जिसकी अनिवार्यता व संवेदनशीलता को बीजेपी, कांग्रेस व अन्य पार्टियां समझकर इसके साथ भी कोई खिलवाड़ न करें।

### यूपी में लोगों का प्रदर्शन बंद कराई गईं दुकानें

उत्तर प्रदेश के भी कई शहरों में भारत बंद का असर दिख रहा है. यहां आगरा में लोगों ने सड़कों पर उतरकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन किया है। अंबेडकरनगर में लोगों ने जिला मुख्यालय पर जबरदस्त तरीके से प्रदर्शन किया है। देवरिया में सपा और बसपा समर्थक भी सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन कर रहे हैं। बस्ती में भारत बंद समर्थकों ने घूम-घूमकर शहर की दुकानें बंद कराई हैं।

### बिहार में विरोध के दौरान लाठीचार्ज

बिहार में भी भारत बंद की वजह से सेवाएं प्रभावित हुई हैं. कई जगहों पर सड़कों को ब्लॉक किया गया है. पटना में भी प्रदर्शनकारी सड़कों पर उतरे हैं। ऐसे ही मुजफ्फरपुर के विभिन्न चौक चौराहों पर विरोध प्रदर्शन हुआ है। आरक्षण को लेकर देशभर में जारी भारत बंद का असर भोजपुर में भी देखने को मिला है। पटना में प्रदर्शनकारियों पर लाठीचार्ज किया गया है।

### कानून मंत्री ने संसद में स्पष्ट किया : जयंत



भारत बंद को लेकर केंद्रीय मंत्री जयंत सिंह चौधरी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की थी, जिसके बाद कानून मंत्री ने भी संसद में इसे स्पष्ट किया। कैबिनेट ने भी अपनी राय स्पष्ट की है तो अब कुछ भी नहीं बचा है।

### पहले भेदभाव खत्म हो : चिराग



चिराग पासवान ने कहा,आज के वक्त में भी इस तरह से भेदभाव देखने को मिल रहा है तो किस तरह से क्रिमीलेयर का प्रावधान किया जा सकता है और इस बात को मैंने कैबिनेट मीटिंग में भी प्रमुखता से रखा था।

फोटो: 4पीएम



वार्ता लखनऊ स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर बुधवार को राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रेसवार्ता की। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अजय राय भी मौजूद रहे।

# बदलापुर में बच्चियों के यौन शोषण मामले पर घमासान

## » यूबीटी शिवसेना ने शिंदे सरकार को घेरा, सुप्रिया सुले का विरोध प्रदर्शन

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई। महाराष्ट्र में बदलापुर के एक स्कूल में बच्चियों के कथित यौन उत्पीड़न के मामले में अब जबरदस्त बवाल शुरू हो गया है। यह मामला अब राजनीतिक रुख ले चुका है। शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने इस मामले में प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने सुरक्षा के मामले में महाराष्ट्र सरकार को घेरा। संजय राउत ने इस घटना को एक घिनौना अपराध बताया। इसके साथ ही बदलापुर नहीं जाने पर उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को भी घेरा। राकांपा-एसपी नेती सुप्रिया सुले ने इस घटना के विरोध में महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में खासकर महिलाओं के साथ अपराधों की संख्या में वृद्धि हुई है।

### न्याय मांगने के लिए लोगों को सड़क पर उतरना पड़ रहा : राउत



संजय राउत ने कहा महाराष्ट्र में और क्या हो सकता है? बलात्कार के खिलाफ सार्वजनिक रोष है। पीड़िता को सुरक्षा देने के लिए, न्याय मांगने के लिए जो लोग सड़क पर उतरे हैं और आप(महाराष्ट्रसरकार) उनके खिलाफ मामले दर्ज करते हो? यह क्यों हुआ? जिस संस्था में हुआ वो किसकी है? लोग सड़क पर इसलिए बैठे हैं क्योंकि पुलिस एफआईआर दर्ज नहीं कर रही थी। पुलिस पर किसका दबाव था? मुख्यमंत्री से मेरा सवाल है कि वे बदलापुर क्यों नहीं गए?

### महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया : सुले



राकांपा-एसपी नेता सुप्रीया सुले ने इस घटना पर प्रतिक्रिया दी और राज्य की मौजूदा स्थिति पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन भी किया। सुप्रिया सुले ने कहा, महाराष्ट्र में अपराध बढ़ गया है। यह मैं नहीं कह रही हूं। बदलापुर की घटना संवेदनशील है। जिस तरह से इसे नजरअंदाज किया जा रहा है, वह दर्दनीय है। जब लोग सड़कों पर आए, तब सरकार जागी।

# उत्तर प्रदेश में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

लखनऊ। प्रदेश में मानसून ने दोबारा रफ्तार पकड़ ली है। यूपी के ज्यादातर हिस्सों में मंगलवार को हल्की से मध्यम बारिश देखने को मिली। पर बुधवार की सुबह बारिश ने तेजी पकड़ी। तेज बारिश की वजह से प्रदेश के कई इलाके जलमग्न हो गए और लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इससे पहले दक्षिणी और तराई इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई थी। रेड अलर्ट जारी किया गया था। लोगों से बिना काम के बाहर न निकलने की सलाह भी दी गई है। वहीं पूर्वांचल, अवध और पश्चिमी हिस्सों के 25 से ज्यादा जिलों में भी गरज के साथ बौछारें पडी। मंगलवार को सुल्तानपुर में 70.8 मिमी, इटावा में 40.4 मिमी, बहराइच में 18 मिमी, अलीगढ़ में 10.4 मिमी और चुर्क में 8.4 मिमी बारिश दर्ज हुई। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक बुधवार को उप्र के दक्षिणी हिस्सों सोनभद्र, मिर्जापुर, चंदौली समेत तराई इलाकों में भारी बारिश के संकेत हैं, वहीं प्रदेश के अधिकतर जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश के आसार हैं। मौसम विभाग की ओर सेपूर्वांचल के इलाकों गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, बलिया, बस्ती समेत तराई के हिस्से कुशीनगर, महराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच के अलावा लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अमेठी, सुल्तानपुर, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं, जालौन एवं आसपास इलाकों में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

# कोलकाता रेप केस मामले में हाईकोर्ट ने लगाई ममता सरकार को फटकार

## » अदालत ने कहा- आप अपनी रिपोर्ट को अपने पास रखें

4पीएम न्यूज़ नेटवर्क

कोलकाता। कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में महिला डॉक्टर से हुई दरिंदगी की घटना पर कोलकाता हाईकोर्ट में आज (21 अगस्त) सुनवाई हुई। इस मामले की सुनवाई मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और न्यायमूर्ति एच भट्टाचार्य की खंडपीठ ने की।

इस दौरान राज्य सरकार ने कोर्ट को बताया कि पिछले आदेश के मुताबिक उन्होंने अपनी रिपोर्ट तैयार की है। जिस पर कोर्ट ने कहा कि इसको आप अपने पास ही रखें क्योंकि मामले पर सुप्रीम कोर्ट संज्ञान ले चुका है। सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से पेश हुए वकील ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश के मुताबिक अस्पताल की सुरक्षा सीआईएसएफ के हवाले कर दी गई है, वहीं, कोर्ट ने पीड़िता की पहचान उजागर होने पर चिंता जताई है, इस मामले पर अगली सुनवाई अब 4 सितंबर को होगी।



### पीड़िता की पहचान को उजागर ना किया जाए

पीड़िता की पहचान उजागर होने पर हाईकोर्ट ने चिंता जताते हुए कहा, हमने अपने पिछले आदेश में तस्वीरें अपलोड न करने का अनुरोध किया था। यदि आप सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित निर्णय देखते हैं तो पीड़िता की पहचान उजागर न करने का एक सकारात्मक निर्देश है। जिस पर याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि दुर्भाग्य से पीड़ित दोस्तों के पास पुरानी तस्वीरें हैं और वे वही प्रसारित कर रहे हैं। हमने पीड़ितों के माता-पिता का नाम भी छिपा दिया है। आपने इसका जिक्र नहीं किया।






स्वामी 4 पीएम न्यूज नेटवर्क्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **संजय शर्मा** द्वारा आस्था प्रिंटर्स, 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से मुद्रित एवं 5/600, विकास खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010 (यूपी) से प्रकाशित। **संपादक** - संजय शर्मा, **विधि सलाहकार**: सत्यप्रकाश श्रीवास्तव, मोहम्मद हैदर, **वित्तीय सलाहकार**: संदीप बंसल, **कार्टूनिस्ट**: हसन जैदी, **दूरभाष**: 0522- 4078371 | **Email**: daily4pm@gmail.com | **website**: www.4pm.co.in |
RNI-UPHIN/2015/62233 डाक पंजी. सं- SSP/LW/NP-495/2018-2020 *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होंगे।